छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2018 ▪ वर्ष-13






EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2018

## संरक्षक



**श्री शिवराज सिंह**
अध्यक्ष



**श्री सुबोध सिंह**
प्रबंध निदेशक
(ट्रेडिंग कंपनी)



**श्री अंकित आनंद**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन कं.)



**श्रीमती तृप्ति सिन्हा**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन कं.)



**श्री ओ.सी. कपिला**
प्र. प्रबंध निदेशक
(जनरेशन कंपनी)



**देवाशीष नंदी**
महाप्रबंधक
(मा.सं.)

संपादक : संकल्प
**विजय मिश्रा**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कं.मर्या.
डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com


सहयोग
**जाबिर मोहम्मद कुरैशी**

छायाकार
**संजय टेम्बे**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2018 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3280 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 98 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 11695 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1074 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 19578 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 144509 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 100612 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 174055 कि.मी. |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17108 | 19472 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 87.43 | 99.51 |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 31857 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 399601 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1660876 |



# मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने सौभाग्य योजना से शतप्रतिशत विद्युतीकृत ग्राम बने खुटेरी को दिया प्रशस्ति पत्र




प्रदेश के अविद्युतीकृत घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना " सौभाग्य" का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु सराहनीय प्रयासो के लिए ग्राम पंचायत खुटेरी को मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने गांव के सरपंच श्री हेमंत साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के माध्यम से राजनांदगांव जिला शत्-प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है।

अविद्युतीकृत हर गांव, मजराटोला, बसाहटों एवं घरों को विद्युत सेवा से जोड़ना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। इस हेतु अविद्युतीकृत घरों तक बिजली पहुचांने के लिए खम्भा, तार एवं आवश्यक सामग्री में लगने वाले खर्चो का वहन शासन द्वारा किया जा रहा है। विद्युत पोल से मीटर तक सर्विस लाईन व घर के अन्दर 10 फूट तक वायरिंग छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा की जा रही है। मीटर एवं बोर्ड लगाकर एक एलईडी बल्ब भी प्रदान किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम में माननीय सांसद श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर सहज बिजली हर घर योजना " सौभाग्य" के तहत अविद्युतीकृत हर गांव, मजराटोला, बसाहटों एवं घरों को बिजली से रौशन किये जा रहे है। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि राजनांदगांव विकासखण्डों में सौभाग्य योजना के तहत कनेक्शन दिये जाने हेतु रायपुर मुख्यालय स्तर से एजेंसी चिन्हांकित करके आदेश प्रसारित कर दिये गये हैं एवं कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जून 2018 तक कार्य शत्-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के करकमलो द्वारा ग्राम जंगलेश्वर के श्री रूमकरण यादव और श्री शम्भू यादव को बिजली कनेक्शन प्रदाय किए जाने हेतु "सौभाग्य" प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कंपनी के कार्यपालन अभियंता सर्वश्री व्ही.आर.के. मूर्ति, सहायक अभियंता श्री पी0सी0 साहू, कनिष्ठ अभियंता श्रीमती माधवी देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

# शतप्रतिशत विद्युतीकृत ग्राम सुरगी, धर्मापुर, भोथीपार खुर्द को प्रशस्ति पत्र




सौभाग्य योजना के अन्तर्गत शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन प्रदान करने हेतु सराहनीय प्रयास के लिए सुरगी की सरपंच श्रीमती बोधनी बाई, धर्मापुर की सरपंच श्रीमती राही बंजारे तथा भोथीपार खुर्द की सरपंच श्रीमती नरबदिया बाई को मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के माध्यम से राजनांदगांव जिला शतप्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है। मीटर एवं बोर्ड लगाकर एक एलईडी बल्ब भी प्रदान किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम को सांसद श्री अभिषेक सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत अविद्युतीकृत हर गांव, मजराटोला, बसाहटों एवं घरों को बिजली से रौशन किया जा रहा है। कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि सौभाग्य योजना के तहत ग्राम सुरगी में 36 कनेक्शन, धर्मापुर में 12 कनेक्शन तथा भोथीपार में 17 कनेक्शन बीपीएल परिवारों को प्रदाय किये गये हैं। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी सर्वश्री व्ही.आर.के. मूर्ति, श्री पी.सी. साहू, श्रीमती माधवी देवांगन, श्री कोमल साहू, सुश्री शेषकुमारी साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुये ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि भारत ने धरातल से लेकर अंतरिक्ष तक उन्नति की अनगिनत ऊंचाईयों को छुआ है। आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक अनिवार्य इनपुट है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश व देश के विकास में ऊर्जा की सप्लाई करने में हमारा महत्वपूर्ण योगदान रहा है । हमारे प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता तथा प्रदेश में हो रहे विकास की चर्चा सम्पूर्ण देश में हो रही है।

प्रदेश में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता प्रदेश की आवश्यकता से कई गुनी अधिक है । हमारा प्रदेश, देश के अन्य प्रदेशों को बिजली की आपूर्ति कर रहा है । आने वाले समय में भी हमारे प्रदेश में बिजली की उपलब्धता सुलभ बनी रहेगी और हम बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने रहेंगे ।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में सी ई ए तथा सी एस ई आर सी द्वारा पी एल एफ के निर्धारित लक्ष्य 85ः को पार करते हुए 90.92ः पीएलएफ दर्ज किया गया। साथ ही इस विद्युत गृह ने विशिष्ट तेल तथा कोयला खपत को भी न्यूनतम करने का कीर्तिमान बनाया है। इसके लिए जनरेशन कंपनी के अधिकारियों/ कर्मचारियों को बधाई।

जनरेशन कंपनी की मड़वा-तेंदूभाठा ताप विद्युत परियोजना की दोनों यूनिटों द्वारा 09 जनवरी 18 को 509-509 मेगावॉट विद्युत उत्पादन किया गया, जो हमारे लिए एक सुखद समाचार बना । इसके लिए भी मैं जनरेशन कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देता हूॅं।

बिजली की पर्याप्त उपलब्धता का लाभ सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को मिले इसके लिए ट्रांसमिशन सिस्टम की सुदृढ़ता आवश्यक है। पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा बस्तर, सरगुजा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों सहित सम्पूर्ण प्रदेश में ट्रांसमिशन सिस्टम का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार किया जा रहा है । विगत 15 वर्षों में हमारे राज्य की पारेषण क्षमता 1610 एमव्हीए से बढ़कर 6510 एमव्हीए हो गई है । वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित बस्तर एवं सरगुजा के दुर्गम क्षेत्रों में भी अनेक अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों व लाईनों का निर्माण किया गया है, जो इन क्षेत्रों के लोगों के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । इस के लिए ट्रांसमिशन कंपनी बधाई एवं प्रशंसा की पात्र है।



वर्तमान में प्रदेश में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की सेवाओं का लाभ विभिन्न श्रेणी के 48.40 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रहा है। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण बिजली सप्लाई करने हेतु पंचवर्षीय केपिटल इनवेस्टमेन्ट प्लान (सीआईपी) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। केन्द्रीय एवं राज्य शासन की नीति ''गॉव गॉव में बिजली पहुंचे, घर घर हो ऊजाला'' की है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा इसका क्रियान्वयन बड़ी तेजी से किया जा रहा है। दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत ऐसे अनेक सुदूर ग्रामीण अंचलों में बिजली पहुंचाई गई है, जहॉं परिवहन-संचार सुविधा का सर्वथा अभाव था ।

प्रदेश में ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री एलईडी लैम्प वितरण योजना क्रियान्वित की गई है। इसके अन्तर्गत डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को सस्ते दरों पर एलईडी बल्ब व ट्यूबलाईट का वितरण किया गया है। प्रदेश में 95 लाख से अधिक एलईडी बल्ब का वितरण किया गया है।

प्रदेश की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने हेतु 306 नये उपकेन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में गति लाने ''मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना'' की शुरूआत की गई है। इसके अन्तर्गत बिजली तिहार कार्यक्रम के दौरान प्रदेश इतिहास में पहली बार एकसाथ 36 नवनिर्मित उपकेन्द्रों का लोकार्पण 12 दिसम्बर 2017 को किया गया।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा घनघोर जंगल, नदी पहाड़ से घिरे बलरामपुर जिले के ग्राम जोकापाट में बिजली पहुंचाने का चुनौति भरा कार्य पूर्ण किया गया जिसकी सराहना करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ट्विट कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की । इसके लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की टीम बधाई की पात्र है। प्रदेश के अविद्युतीकृत ग्रामों व घरों तक बिजली पहुंचाने हेतु प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर (सौभाग्य) योजना का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। सितम्बर 2018 तक 05 लाख घरों तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के युवा नेतृत्व के मार्ग दर्शन में हमारे कर्मचारी/अधिकारी अवश्यक ही कामयाब होंगे, यह हम सभी को पूर्ण विश्वास है ।

पॉवर कम्पनीज में सेवारत सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के हित संवर्धन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी प्रयासरत है । प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को संतोषजनक सेवा देने एवं संस्था में औद्योगिक शांति बनाये रखने में कामयाबी मिली है। होल्डिंग कंपनी द्वारा वेतन पुनरीक्षण, पदोन्नति, क्रमोन्नति, अनुकम्पा नियुक्ति जैसे कर्मचारी हितैषी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं और यह सिलसिला जारी रहेगा ।

समारोह में प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ती सिन्हा, श्री ओ.सी.कपिला सहित निदेशक सर्वश्री जी.सी. मुखर्जी एच.आर. नरवरे , अजय दुबे एवं मुख्य सलाहकार (एफ एंड एस) श्री एस.के.पासवान, महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राजेश व्यास सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

समारोह में परेड कमांडर श्री टी.डी.मोहरे, श्री आर.के. साहू, श्री पी.एस.सिंह सहित श्री ताराचंद बेन के नेतृत्व में बैण्ड दल ने मार्चपास्ट एवं परेड की प्रभावी प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री देवाशीष नंदी ने तथा समारोह का ऑंखो देखा हाल उपमहाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

# डॉ. मुखर्जी विद्युत गृह को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह हेतु पुरस्कार

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनीज के पारेषण,वितरण एवं जनरेशन कंपनी द्वारा अपनी विभिन्न इकाईयों की कार्यनिष्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन किया गया। इस आधार पर डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत कोरबा को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह के लिए पुरस्कृत किया गया। उक्त पुरस्कार कंपनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. कंवर को प्रदान किया। इसके अन्तर्गत तीन लाख रूपये प्रदान किया गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में CEA एवं CSERC द्वारा निर्धारित लक्ष्य (85% PLF) को पार करते हुए कुल 3982 मि. यू. विद्युत का उत्पादन किया जो कि 90.92 प्रतिशत है। इस बेहतर प्रबंधन के कारण विद्युत उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले वार्षिक विशिष्ट तेल खपत 0.19 मिली लीटर प्रति इकाई रही, तथा विशिष्ट कोल खपत 0.68 किलोग्राम प्रति इकाई रही जो कि स्थापना काल से अभी तक का न्यूनतम है। यह ऊर्जा संरक्षण की ओर उठाया गया सराहनीय कदम है।



# उत्कृष्ट कार्यों के लिये 22 विद्युत कर्मी पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन में प्रदेशभर से चयनित 22 विद्युत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह में पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने दस हजार नकद सहित पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कठिन चुनौतियों के बीच गॉव, मजरा-टोलों में बिजली पहुंचाना, नये उपकेन्द्रों का निर्माण, विद्युत गृहों का बेहतर संचालन, प्रशासनिक एवं न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निपटारा, तथा बकाया राजस्व वसूली जैसे कार्यों का कुशलतापूर्वक निष्पादन करने वाले पुरस्कृत कर्मी के कार्य अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्पद हैं। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों का विवरण पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी ने प्रस्तुत किया। पुरस्कृत कर्मियों में सर्वश्री मुकेश कुमार साहू, टीकाराम साहू, राकेश कुमार गेन्द्रे, रमेश कुमार समरथ, व्ही. गौरैया, वीरचन्द्र टोप्पो, देवेश कुमार दुबे, बादल वर्मा, गिरीश शर्मा, किरण नासरे, विनोद अग्रवाल, नन्द कुमार जोशी, विनोद ग्रोवर, प्रभुशरण सिंह ठाकुर, हेम रघुनाथ, शीतल कुमार साहू, मोहित साहू, प्रीति टेम्बुरने, श्रीमती कंचन महेश ठाकुर, श्रीमती शारदा देवांगन शामिल थे।

समारोह में उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री ओ.सी. कपिला सहित निदेशक सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी एच.आर. नरवरे, अजय दुबे ने पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी एवं भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनायें दी।

# छग शासन के मुख्य सचिव श्री अजय सिंह से राष्ट्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के अध्यक्ष श्री रमेश की सौजन्य भेंट



छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री अजय सिंह से 28 फरवरी को रायपुर के मंत्रालय (महानदी भवन) में भारत सरकार के ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. पी.व्ही. रमेश ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्य सचिव ने श्री रमेश को स्मृति चिन्ह भेट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद एवं ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री एम.एस.रत्नम उपस्थित थे।

# प्रदेश के 8.38 लाख घरों में सितम्बर 2018 तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य



## आरईसी के अध्यक्ष श्री रमेश के साथ ऊर्जा विभाग के उच्चाधिकारियों की बैठक

प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना 'सौभाग्य' के तहत प्रदेश के आठ लाख 38 हजार 189 घरों में बिजली का कनेक्शन देने का लक्ष्य सितम्बर 2018 तक रखा गया है। इसके लिए 838 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। केन्द्र सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के अध्यक्ष -सह- प्रबंध निदेशक श्री पी.व्ही. रमेश ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान 28 फरवरी को मंत्रालय महानदी भवन में प्रदेश के ऊर्जा विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में इस विषय पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने प्रदेश में संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा सौभाग्य योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में विशेष सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2016 की स्थिति में प्रदेश में 1080 अविद्युतीकृत ग्राम थे, वर्तमान में केवल 95 ग्राम अविद्युतीकृत रह गये हैं। इनमें सुकमा जिले में 67, बीजापुर जिले में 23 एवं दंतेवाडा जिले में चार तथा ग्रिड से नारायणपुर में एक गांव का विद्युतीकरण किया जाना है।

इन जिलों के गांवों में विद्युतीकरण के संबंध में छत्तीसगढ़ पावर वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद ने बताया कि अविद्युतीकृत बचे 95 गांवों की भौगोलिक परिस्थिति विषम है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण विद्युतीकरण का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य शासन द्वारा इन गांवों के निवासियों को दो सौ किलोवाट के सोलर होमलाइट के वितरण की विशेष योजना बनाई गई है, जिसका उपयोग कर आठ वाट के तीन एलईडी लैम्प तथा एक प्लग पाइंट का उपयोग टी.वी. के लिए अथवा मोबाईल की चार्जिंग कर सकते हैं। आगे श्री आनंद ने बताया कि सौभाग्य योजना के तहत राज्य में आठ लाख 38 हजार 189 अविद्युतीकृत घरों में से सात लाख 92 हजार 772 अविद्युतीकृत घरों में ग्रिड से और 45 हजार 417 अविद्युतीकृत घरों में बिजली कनेक्शन देने के लिए 838 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भारत सरकार की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है। इस राशि की स्वीकृति की प्रत्याशा में क्रेडा एवं छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बिजली कनेक्शन देने का कार्य प्रारंभ कर दिये गये हैं। लगभग 20 प्रतिशत कार्य जारी किये जा चुके हैं। बैठक में केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह आरईसी के अध्यक्ष श्री रमेश से किया गया। इस पर उन्होंने अपनी सहमति दी और अपेक्षित राशि मार्च 2018 के पूर्व उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

बैठक में विशेष सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, वितरण कंपनी के एम.डी. अंकित आनंद, ट्रांसमिशन कंपनी की एम.डी. श्रीमति तृप्ति सिन्हा, एमडी (जनरेशन) श्री ओ.सी. कपिला, ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री एम.एस.रत्नम एवं अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव श्री अजय सिंह ने ऊर्जा विभाग के कामकाज की समीक्षा




## ग्रामीण विद्युतीकरण में और अधिक तेजी लाने के निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री अजय सिंह ने 16 जनवरी को मंत्रालय में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना, सौर सुजला योजना सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होने ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने प्रस्तुतिकरण के जरिये योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण पूर्ण विद्युतीकरण योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में अब तक 2497 गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है। सौभाग्य योजना के तहत मार्च 2019 तक ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य है। इस योजना के तहत प्रदेश में सवा नौ लाख विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है। अब तक 41209 कनेक्शन दिए जा चुके है। योजना के तहत हर महीने एक लाख कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि सौर सुजला योजना के तहत चालू वित्तीय माह 2017-18 में अब तक 8726 पम्प लगाए गए है। इस योजना के तहत सितम्बर 2018 तक 25 हजार पम्प लगाने का लक्ष्य है। बैठक में मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना और मुख्यमंत्री ऊर्जा शक्ति योजना के तहत विद्युत उत्पादन एवं लाईन विस्तार स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युतीकरण की जानकारी दी गई। बैठक में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित आनंद, ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव एम.एस.रत्नम, एम.डी. ट्रांसमिशन श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के एम.डी. श्री कपिला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्युत कर्मियों ने ली शपथ



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन 25 जनवरी को किया गया। समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने शपथ दिलाई। उनके साथ डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के डायरेक्टर श्री जी.सी. मुखर्जी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष मताधिकार के प्रयोग का संकल्प लिया। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विभाग की ओर से आयोजित शपथ समारोह में उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल ने लोकतांत्रिक परंपराओं में मतदाता के महत्व को व्यक्त किया।

# ग्राम सड़क चिरचारी, देवर चारभांठा एवं घुपसाल बने शतप्रतिशत विद्युत कनेक्शन ग्राम

राजनांदगांव क्षेत्र के दुर्गम एवं दुरस्थ क्षेत्रों में स्थित सभी अविद्युतीकृत बसाहटो, मजराटोलों एवं ग्रामों को विद्युतीकृत करने युद्धस्तर पर कार्य जारी है। इस दिशा में बढ़ते हुये ग्राम सड़क चिरचारी, देवर चारभांठा एवं घुपसाल को शतप्रतिशत विद्युत कनेक्शनयुक्त ग्राम बनाने में कामयाबी मिली। इन ग्रामों के सरपंचों को मान. सांसद श्री अभिषेक सिंह ने शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु सराहनीय प्रयासो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

राज्य शासन द्वारा पहले से ही संचालित पं. दीनदयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना एवं मुख्यमंत्री मजरा टोला विद्युतीकरण योजना से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को शतप्रतिशत विद्युतीकरण का फायदा मिल रहा है। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना "सौभाग्य" के क्रियान्वयन से शेष अविद्युतीकृत घरों को प्रतिदिन बिजली कनेक्शन प्रदाय किये जा रहें है।



# जामगांव(आर) वितरण केंद्र में सौभाग्य शिविर



शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सहज बिजली हर-घर ''सौभाग्य'' योजना के तहत दुर्ग जिले के जामगांव( आर ) वितरण केंद्र के अंतर्गत 12 स्थानों पर कुल 39 ग्रामों के लिए सौभाग्य शिविर का आयोजन किया गया । कनिष्ठ अभियंता श्री जनक राम साहू ने बताया कि शिविर के माध्यम से कुल 253 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 86 आवेदनों पर नये विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जा चुके हैं। शेष आवेदनों पर यथाशीघ्र कनेक्शन प्रदाय करने की कार्यवाही की जा रही है। इस वितरण केंद्र के तहत चार ग्राम, औरी, खोला, बटरेल एवं ग्राम कुथरेल को पूर्णतः विद्युतीकृत किया जा चुका है। दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने सौभाग्य शिविर के सफलतापूर्ण संचालन हेतु कनिष्ठ अभियंता श्री जनकराम साहू एवं उनके पूरी टीम को बधाई दी। सौभाग्य शिविर के तहत कुल 253 आवेदन नए विद्युत कनेक्शन के लिए प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान बीपीएल उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब एवं प्रमाण पत्र भी बांटे गए।

# ग्राम कोड़िया - अगार में लगा सौभाग्य शिविर



प्रधानमंत्री सहज बिजली हर-घर ''सौभाग्य'' योजना के तहत दुर्ग जिले के ननकट्ठी वितरण केंद्र के ग्राम कोड़िया तथा धमधा वितरण केंद्र के ग्राम अगार में 25 जनवरी को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम कोड़िया में 112 तथा ग्राम अगार में 15 आवेदन नए विद्युत कनेक्शन के लिए प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम कोड़िया में 08 बीपीएल उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब भी बांटे गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन, सहायक अभियंता श्री राजेष श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी श्रीमती हंसा साहू तथा कनिष्ठ अभियंता श्री निरंजन दास सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# ट्रांसमिशन कंपनी के उत्कृष्ट कर्मियों को मिला पुरस्कार

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मियों को पुरस्कृत किया। इन कर्मियों ने बस्तर में 400 केवीए हाईटेंशन लाइन बिछाने और 400 केवीए सब स्टेशन निर्माण में विशेष दक्षता का प्रदर्शन किया था। प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने कर्मियों के कार्यों की सराहना की और कहा कि कंपनी हर साल दो बार इस तरह के पुरस्कार देती है। इससे कर्मचारियों में बेहतर कार्य करने की संस्कृति का विकास होता है।



कंपनी मुख्यालय डगनिया के भार प्रेषण केंद्र स्थित सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। इसमें सर्वश्री धर्मेंद्र कुमार साहू, लक्ष्मी गणपति राव, जनकराम, टेकसिंग, बाला प्रसाद कुशवाहा और नरेंद्र कुमार देवांगन को सम्मानित किया गया। उन्हें पांच हजार रुपए नगद और मेडल प्रदान किया गया। पुरस्कार चयन समिति में मुख्य अभियंता श्री डब्ल्यूआर वानखेड़े, वाईबी जैन, पीके गुप्ता, एससी सक्सेना और डीजीएम (एचआर) आरके तिवारी शामिल थे। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि इस पुरस्कार का दायरा और बढ़ाया जाएगा, ताकि बेहतर कार्यक्षमता के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मान प्राप्त हो सके। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया, बलराम सोनी, शरद कुमार श्रीवास्तव, केबी पात्रे समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# पॉवर कंपनी में सूचना का अधिकार अधिनियम संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के जनसूचना एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। मानव संसाधन विभाग के कार्यपालक निदेशक श्री प्रहलाद सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता स्तर के अधिकारी शामिल हुए।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूचना का अधिकार के विभिन्न धाराओं एवं इनसे जुड़ी बारीकियों के संबंध में जानकारी दी गई तथा कार्यपालन अभियंता श्री व्ही.ए. देशमुख, श्री राजेश कुमार एवं मैनेजर श्रीमती अल्पना तिवारी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों एवं व्यावहारिक समाधानों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री आर.बी. त्रिपाठी ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम को लेकर प्रथम चरण में 40 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं आने वाले दिनों में अधीनस्थ कार्यालयों के स्तर पर भी प्रशिक्षण दिये जायेंगे। प्रशिक्षण के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रमुख प्रावधान प्रथम अपीलीय अधिकारी के कर्तव्य, सूचना आयोगों की शक्तियां एवं दायित्व समेत सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों की जानकारियां दी जा रही है। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री जे.एस.नेताम, मुकेश नाहर, अशोक कुमार, कैलाश नारनवरे, संजय पटेल, भीमसिंग कंवर मुख्य अभियंता सर्वश्री आर.के.अवस्थी, डी.एस. भगत, डीके भालेराव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# दुर्ग में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में 30 जनवरी 2018 को भारत को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने में योगदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर सहित अन्य उपस्थितजनों ने देश के बलिदानी सपूतों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में कार्यपालन अभियंता श्री पी.के.दुबे, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय. कोसरिया एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री संतोश साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा में भी विद्युत आपूर्ति के लिए हो सकेगा लोड डिस्पैच का कार्य

## खेदामारा में तैयार हुआ बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर

प्रदेश में विद्युत प्रणाली बेहतर बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ पावर कंपनी नए आधारभूत संरचना विकसित कर रही है। पूरे देश में जहां विद्युत ट्रांसमिशन लाइनों को एक ग्रिड में जोड़ दिया गया है, वहीं उसकी मानिटिरंग के लिए प्रदेश में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के पास अब दो भार प्रेषण केंद्र हो गए हैं। राजधानी के डंगनिया स्थित मुख्यालय में भार प्रेषण केंद्र पहले से संचालित है। इसके अलावा बैक-अप के लिए खेदामारा में दूसरा भार प्रेषण केंद्र तैयार किया गया है। 20 फरवरी को इस दूसरे बैकअप भार प्रेषण केंद्र से प्रदेश में विद्युत व्यवस्था का संचालन सफलतापूर्वक किया गया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमति तृप्ति सिन्हा के निर्देशन में खेदामारा बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर की शुरूआत की गई। पूरे प्रदेश में 11 हजार 556 सर्किट किलोमीटर में पावर ट्रांसमिशन की हाईटेंशन लाइनें बिछी हुई हैं, इनमें करंट का फ्लो सुचारू रूप से संचालित व नियंत्रित करने के लिए भार प्रेषण केंद्र (लोड डिस्पैच सेंटर) की स्थापना की गई है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत समिति (डब्ल्यूआरपीसी) के अनुसार हर राज्य में दो लोड डिस्पैच सेंटर होने चाहिए, ताकि विपरीत परिस्थितियों या प्राकृतिक आपदा के समय एक लोड डिस्पैच सेंटर में व्यवधान आए तो दूसरे से प्रदेश की



विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित व नियंत्रित की जा सके। इसी कड़ी में रायपुर के साथ खेदामारा (भिलाई) 400 केवीए सब स्टेशन में दूसरा लोड डिस्पैच सेंटर तैयार किया गया है। इसका परीक्षण कार्यपालक निदेशक श्री बलराम सोनी की उपस्थिति में पूर्ण हुआ। वर्तमान में देश की पावर ट्रांसमिशन लाइनों को पांच रीजनल ग्रिडों में व्यवस्थित किया गया है, जिसमें से पश्चिमी रीजन में छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्य जुड़ें हैं। केंद्रीय भार प्रेषण केंद्र नई दिल्ली में स्थित है, उनके सतत निगरानी में सभी राज्यों में इस तरह के बैकअप भार प्रेषण केंद्र तैयार किए गए हैं। पश्चिम क्षेत्र विद्युत समिति (डब्ल्यूआरपीसी) के दिशा-निर्देश में खेदामारा में बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर का निर्माण किया गया है। ईडी श्री सोनी ने बताया कि भविष्य में खेदामारा लोड डिस्पैच सेंटर से दो शिफ्ट और तीन शिफ्ट में भी काम किए जाएंगे, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी प्रदेश में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहे। खेदामारा में आज ग्रिड संचालन का कार्यभार श्री यूएस गुलेचा एवं श्री अर्जुन प्रसाद ने संभाला। खेदामारा के अधीक्षण अभियंता सर्वश्री हेमंत देवता, कार्यपालन अभियंता वाईके राव, गिरीश गुप्ता, एमएस सिंह, जीपी सिंह, सुश्री जुवेना गोम्स, श्रीमती अमीता बारा, श्रीमती गीतेश लहरे, श्री तुषार स्वामी, राकेश मोहन, स्वर्णिश नीरजे, प्रेम जायसवाल व एस भास्करण संचालन प्रक्रिया में शामिल थे।

# राजनांदगांव में सेवानिवृत्ति पर भावभीनी बिदाई



राजनांदगांव क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता (वृत) कार्यालय से सेवानिवृत हुए भृत्य श्री सुरेश शंकर मेश्राम को विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने शॉल, श्रीफल एवं प्रतीकात्मक भेंट प्रदान कर शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण सर्वश्री श्री टी0के0मेश्राम, बी0पी0गुप्ता, अविनाश सोनेकर, आर0एन0याहके, वी0आर0के0 मुर्ति ने भी श्री मेश्राम के सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी श्री हरीश जांगड़े ने किया।

# झांकी में मड़वा तेंदूभाठा विद्युत संयंत्र को दूसरा पुरस्कार



मड़वा तेंदूभाठा ताप विद्युत गृह की ओर से फ्लाईऐश की भूमिका पर बनाए गए गणतंत्र दिवस की झांकी को जिला स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। हाईस्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री लखन लाल देवांगन के हाथों मुख्य अभियंता श्री पीपी मोडक ने पुरस्कार ग्रहण किया। झांकी के निर्माण में सर्वश्री एके जुल्मे, जेआर वर्मा, संजय कापसे, जीआर देवदत्त की भूमिका रही।

# मुख्य अभियंता श्री पाण्डे सहित अन्य कर्मियों की विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी से सेवानिवृत्तजनों को 28 फरवरी को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद, ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री ओसी कपिला एवं डायरेक्टर श्री एचआर नरवरे, ईडी श्री प्रहलाद सिंह ने सेवानिवृत्तजनों के सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्युत विकास के क्षेत्र में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा है।

सेवानिवृतजनों में शामिल मुख्य अभियंता (राजस्व) श्री विवेकानंद पाण्डेय तथा सेवानिवृत्त सेक्शन आफिसर श्री विठ्ठल कुमार सोनी सहित सर्वश्री सियाराम अस्वारे, हरीबरन सूर्यवंशी एवं रमेश कुमार को प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रमाण पत्र इस अवसर पर प्रदान किया गया। सेवानिवृत मुख्य अभियंता श्री विवेकानंद पाण्डेय ने अपने 39 वर्षीय सेवायात्रा के अनुभव के आधार पर छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में चुनौतियों और समाधान का प्रभावी विवरण व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रंबधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा एवं श्री योगेश नैय्यर ने किया। इस अवसर पर कंपनी के अन्य उच्चाधिकारी सहित परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# संकल्प महिला मंडल द्वारा आनंद मेले का आयोजन

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की संकल्प महिला मंडल द्वारा 13 जनवरी 2018 को आनंद मेला का आयोजन किया गया। रविंद्र भवन (सीनियर क्लब) में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य अभियंता श्री बीएन बिश्वास शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि डीएसपीएम के कार्यपालक निदेशक श्री एमएस कंवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा, श्री पीके जैन शामिल हुए।



संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती श्रावणी बिश्वास, उपाध्यक्ष श्रीमती अंजली वर्मा, श्रीमती अनिता जैन और सचिव सपना लहरी ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री बिश्वास ने संकल्प महिला मंडल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी के पकवान लजीज हैं। आपके पंडालों की सजावट आकर्षक है। इसके लिए उन्होंने महिला मंडल की सदस्याओं को बधाई दी।

आनंद मेले में लजीज व्यंजन जैसे दोसा, छोले भटूरे, आलू बड़ा, पावभाजी, मंगोड़े एवं मिर्च भजिया, कटलेट, आइसक्रीम, चाऊमिन, चाट गुपचुप, केक, ढाबेली, नारियल बर्फी, साबूदाना बड़ा, खट्टा-चावल, सूप, स्वीट कार्न, गुलाब जामुन, मक्के दी रोटी-सरसों का साग, स्पेशल मसाला पान एवं चाय-कॉफी के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। मेले में मनोजरंन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल भी हुए, इनमें लक्की गेम, भाग्य चक्र, हार्स रेस, बाऊलिंग खेल एवं हौजी शामिल हैं। संकल्प महिला मंडल की पदाधिकारियों ने आयोजन को लेकर जोरदार तैयारियां की थी।

# कवर्धा जिले के घरों में बिजली पहुंचायेंगें सौभाग्य मित्र

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा कवर्धा जिले के 27148 परिवारों के घरों को रौशन करने के लिए सौभाग्य मित्र टीम का गठन किया गया है। जिनके माध्यम से जिले के कवर्धा एवं पंडरिया संभाग के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के चिन्हित 27148 परिवारों के घरों में बिजली पहुंचाई जायेगी। सौभाग्य मित्र टीम द्वारा जिले के हर गांव में सौभाग्य योजना का लाभ लेने, योजना संबंधी अधिकाधिक जानकारी देने एवं आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात् बीपीएल परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन एवं सामान्य परिवार निर्धारित शुल्क पर कनेक्शन प्रदान किये जायेंगे। राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि सौभाग्य मित्र की टीम अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंताओं के नेतृत्व में गांव-गांव जाकर चिन्हित बीपीएल परिवारों एवं सामान्य परिवारों को बिजली कनेक्शन देगी। इस योजना के तहत जिले के 25364 ग्रामीण परिवारों एवं 1784 नगरीय परिवारों को विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है।



# सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन हेतु नगर संभाग दक्षिण रायपुर पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत विकास संग उपभोक्ता संतोष को अर्जित करने वृहद स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु नगर संभाग दक्षिण रायपुर को सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, संचारण एवं संधारण संभाग बालोद को न्यूनतम लाईन लॉस तथा संचारण-संधारण संभाग कांकेर को न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर हेतु पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रत्येक संभाग को 50-50 हजार रूपये का पारितोषिक पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने प्रदान किया। नगर संभाग दक्षिण को देय पारितोषिक कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. जैन ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि नगर संभाग दक्षिण रायपुर को राजस्व संग्रहण 98.21 प्रतिशत के लक्ष्य के विरूद्ध 98.28 तक करने, कार्यपालन अभियंता (संचा-संधा) संभाग कांकेर को स्थापित 2246 ट्रांसफार्मरों में से मात्र 187 ट्रांसफार्मर फेलुअर तथा बालौद संभाग को वितरण हानि के निर्धारित लक्ष्य 12.07 प्रतिशत से मात्र 7.66 प्रतिशत तक लाने हेतु पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ है।



# भिलाई में योग एवं कर्मचारी विकास प्रशिक्षण शिविर



दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग भिलाई में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य पर केन्द्रित दो दिवसीय योग एवं कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह ने प्रशिक्षुओं को बेहतर कार्यशैली अपनाने प्रेरित किया। शिविर में संचा.संधा. सम्भाग भिलाई एवं नगर पूर्व सम्भाग भिलाई के पॉवर हाउस जोन, उतई उप सम्भाग, कुम्हारी वितरण केन्द्र एवं दोनों सम्भागीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। शिविर में सुरक्षा, सजगता, सकारात्मक सोच, मोटिवेशन तथा तनाव से मुक्ति के सुगम तरीके से प्रशिक्षणार्थियों को सिखाया गया। शिविर में उप महाप्रबंधक श्री गोपाल खण्डेलवाल, श्रमिक शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद एस. धुर्वे, कार्यपालन अभियंता श्री ओ.पी.भारद्वाज, सहायक अभियंता श्रीमती एस.सिनी आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री धर्मेन्द्र भारती तथा कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं



बच्चों के विकास के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था सार्थक की ओर से गणतंत्र दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक रायपुर श्री शरद श्रीवास्तव रहे। उन्होने कहा कि आने वाले भविष्य की दिशा बच्चों की मुस्कान व उनकी प्रतिभा ही तय करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मोहना नारनवरे ने किया। विशिष्ट अतिथि श्री अमर चौधरी, सी.एम.बाजपेयी व एस.एल कोरटिया रहे। चित्रकला में नन्हे हाथों ने राष्ट्र के सम्मान के प्रतीक तिरंगा विषय पर तिरंगे के भिन्न-भिन्न आकर्षक रूप देकर अपनी कल्पना को प्रदर्शित किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर नृत्यों की प्रस्तुति दी। निर्णायक के रूप में कथक नृत्यांगन श्रीमती वासंती वैष्णव रही। चित्रकला के निर्णायक श्री राजमलकान पुरी व रमन किरण रहे। इस अवसर पर 210 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे श्री अमरनाथ त्रिवेदी, बी.आर.शर्मा, संतोष महतो, कमलेश शुक्ला, अनिल सैनी, श्रीनिवास, भीमसिंग वर्मा, मूलचंद धीवर, निर्मला ध्रुव, नीता महतो सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विद्युत कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन प्रागंण में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 जनवरी को किया गया। पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित सभा में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, वितरण कंपनी के निदेशक श्री जी.सी.मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे। उपस्थितजनों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों का स्मरण किया और दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल ने बलिदानी सपूतों के संघर्ष पर प्रकाश डाला।

# शतरंज-कैरम स्पर्धा में बिलासपुर क्षेत्र-कोरबा पूर्व विजेता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद द्वारा आयोजित इण्डोर गेम श्रेणी के तहत अंतरक्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारम्भ 13 जनवरी को कार्यपालक निदेशक श्री प्रहलाद सिंह एवं श्री के.एस.मनोठिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कैरम -शतरंज स्पर्धा में कोरबा पूर्व- बिलासपुर क्षेत्र विजेता तथा रायपुर क्षेत्र- रायपुर सेन्ट्रल को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। कैरम स्पर्धा में श्री पी. नागेश्वर राव द्वारा 'ब्लैक स्लेमर' का अनूठा प्रदर्शन किया गया।

स्पर्धा के समापन समरोह में विजेता खिलाड़ियों को पॉवर होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर सेन्ट्रल स्पोटर्स कमिटि के उपाध्यक्ष श्री अजय दुबे, तथा सीएससीसी के जनरल सेक्रेटरी कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान, कार्यपालक निदेशक सर्वश्री प्रहलाद सिंह एवं के.एस.मनोटिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन्होंने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्युत विकास की भांति राष्ट्रीय खेल जगत में विद्युत कर्मी प्रदेश का नाम रौषन करे।

क्रीडा सचिव श्री पी.के.खरे ने स्पर्धा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया। तीन दिवसीय स्पर्धा में सर्वश्री तुषार, एन.के.शर्मा, विजय कुमार ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री पीके गिरदोनिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के.खरे, श्री अरूण देवांगन, आर.के.बंछोर, राजेश खरे एवं महेश ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया। पुरस्कार समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। कैरम-शतरंज के सिंगल में विनोद राठौर, मुकेश सोनकर, भारती फेरो, कंचन ठाकुर प्रथम तथा आलोक गुहा, डी. ललिता, आर.के. चौहान, मीना कुर्रे द्वितीय स्थान पर रहे। कैरम स्पर्धा के वूमेन डबल्स में कंचन ठाकुर, डी.ललिता की जोड़ी प्रथम तथा सुनीता देवांगन एवं रीना पुरी गोस्वामी की जोड़ी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।



# एचटीपीएस में दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के प्लांट परिसर के ओआरटी भवन क्रमांक-02 में दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एसपी चेलकर और अधीक्षण अभियंता (मा.स.वि.) श्री नरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के शिक्षाधिकारी अरविंद एस. धुर्वे ने कर्मचारियों को सफलता पूर्वक प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण सत्र में दो दिनों तक यातायात सुरक्षा, मोबाइल सुरक्षा, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, टीम वर्क, स्पष्ट संवाद, उत्पादकता कैसे बढ़ाएं आदि चर्चा के साथ कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन के गुर सिखाए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर कंपनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर के आदेश पर दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

शिक्षाधिकारी से कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य व सकारात्मक सोच बढ़ाने के उपाय आदि विषयों पर सवाल पूछे गए। समय प्रबंधन पर श्री धुर्वे ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने कार्य को तीन श्रेणियों में बांटना चाहिए। पहला अतिमहत्वपूर्ण, महत्वपूर्ण और साधारण। अपने कार्य को इसी क्रम में पूरा कर लीजिए, इससे काम का तनाव नहीं रहेगा। श्री धुर्वे ने कहा कि व्यक्ति को काम का तनाव नहीं लेना चाहिए बल्कि कार्य के लिए तनाव लेना चाहिए। इससे कार्य पूर्ण होंगे और तनाव नहीं रहेगा।

प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन समापन समारोह में प्रशिक्षक श्री धुर्वे को कल्याण अधिकारी श्री पीआर. खुंटे ने विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र व सूचना पत्र सौंपा। प्रशिक्षण में रामायण प्रसाद राठौर, जोहन राम राठौर, रामकुमार लदेर, नंदूराम यादव, हीराराम भारिया, एचके टंडन, देवेंद्र कुमार वर्मा, एनके अजय, बिन्दू यादव, रागिनी जायसवाल, राघवेंद्र राठौर, संतराम भारिया, शिवकुमार लक्ष्मे शामिल हुए।



### सुरक्षा अपनाएं व सुरक्षित रहें

1. मोबाइल सुरक्षा- पेट्रोल पंपों के आसपास फोन रिसीव या कॉल न लगाएं। मोबाइल चार्ज करते वक्त मोबाइल का उपयोग न करें।
2. सड़क सुरक्षा- कार व बाइक चलाते वक्त मोबाइल पर बात न करें। यातायात नियमों की अनदेखी न करें। सड़क पर वाहन चलाते समय जल्दीबाजी से बचें।
3. समय प्रबंधन व तनाव प्रबंधन- किसी भी गंतव्य स्थान पर जाने से पूर्व तय समय से 15 मिनट पहले निकलें ताकि समय से पूर्व गंतव्य स्थल पर पहुंचे। इससे आप तय समय पर पहुंचेंगे और तनाव लेने से बचेंगे।
4. सकारात्मक सोच बढ़ाएं- किसी भी व्यक्ति, वस्तु या माहौल को लेकर नकारात्मक सोच से बचें। पूर्वाग्रह से हम अपने काम बिगाड़ लेते हैं। सकारात्मक सोच से दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

# पॉवर कंपनीज मुख्यालय में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह

'प्रदेश का नाम विद्युत विकास के साथ ही खेल जगत में भी राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का कार्य विद्युत कर्मियों ने बखूबी किया है। ऐसी उपलब्धियों की श्रृंखला को अनवरत् बढ़ाने के लिये कार्य के प्रति सम्पूर्ण समर्पण-दक्षता का प्रदर्शन आवश्यक है'। उक्त विचार छत्तीसगढ़ स्टेट ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष ईडी श्री के.एस. मनोटिया, क्रीडा परिषद के सचिव द्वय सर्वश्री पी.के.खरे, डी.के.तुली, ने भी शुभकामनायें दी। मंचासीन अतिथियों का स्वागत अरूण देवांगन, स्वमित्र दुबे, ईरापंत, अनामिका नेताम ने किया।



कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। 19 से 25 जनवरी 2018 तक डंगनिया खेल मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह में टेनिस बाल क्रिकेट, व्हालीबॉल, टेबल टेनिस एवं ब्रिज, शतरंज, बैडमिंटन, ब्रिज, टेबल टेनिस, कैरम एवं टेनिस बाल थ्रो स्पर्धा संपन्न हुई, जिसके विजयी प्रतियोगियों को गणतंत्र दिवस समारोह में अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने पुरस्कृत किया।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में विपश्यना ध्यान पर हुई कार्यशाला

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के सभाकक्ष में कंपनीज के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विपश्यना साधना विधि पर केन्द्रित कार्यशाला का आयोजन 03 फरवरी को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व विपश्यना विद्यापीठ इगतपुरी (महाराष्ट्र) के वरिष्ठ सहायक आचार्य श्री महेन्द्र कोलते ने 10 मिनट का आनापान ध्यान कराया। उन्होंने बताया कि अपने मन को हेल्दी बनाने के लिए विपश्यना ध्यान किया जाता है। इससे सुख शांति एवं सदाचारी जीवन जीने की कला सीखा जा सकता है। प्रशिक्षक डॉ. सीताराम साहू ने बताया कि 10 दिन के शिविर में संयम के साथ आर्य मौन रहकर ध्यान किया जाता है। इससे व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम में ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने विपश्यना ध्यान केन्द्र से आये श्री महेन्द्र कोलते, श्री सीताराम साहू श्री सदारामजी



एवं श्री आर.पी.सैनी का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। कार्यक्रम में कंपनी के कार्यपालक निदेशक सर्वश्री केएस मनोठिया, बलराम सोनी, वाईबी जैन, डब्ल्यूआर वानखेड़े, डीजीएम (एचआर) आरके तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री केबीएल चौकसे व संचालन अनुभाग अधिकारी श्री रतन गोन्डाने ने किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर लोकतंत्र के प्रति आस्था सहित मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता श्री पी.के.दुबे एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाई कोसरिया सहित विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने शपथपत्र का वाचन किया।

# राजनांदगांव में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव में कर्मचारियों के कार्यकुशलता में वृद्धि, इनफरमेशन टेक्नॉलाजी एवं संभागीय कार्यालयों के कार्यों को बेहतर तालमेल के साथ संपादन कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजनांदगांव रीजन के अन्तर्गत आने वाले विभागीय संभाग यथा राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगढ़, खैरागढ, कवर्धा एवं पंडरिया के लिपिकीय कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी, इंटरनेट एवं ई-मेल, इंटरनेट सेफ्टी की बारीकियों से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकुशलता में वृद्धि का एक जरिया है। सूचना प्रौद्योगिकी में दक्षता, ज्ञान, अभिरूचि, कुशलता तथा क्षमताओं में वृद्धि के लिये ही इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन होता है, अतः कर्मचारियों को दक्षता एवं तकनीकि ज्ञान में वृद्धि के प्रति सजगता आवश्यक है।

इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र, एक नग एलईडी बल्ब एवं पेन ड्राइव भी प्रदान किया गया। इस समापन कार्यक्रम में अति. मुख्य अभियंता श्री टी0 के0 मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री बी0पी0 गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्रीमती एम0 नागवंशी, कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई, पीआरओ श्री डी0एस0मंडावी उपस्थित थे।

# जगदलपुर में गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई

जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने हार्दिक शुभकामना प्रेषित करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु अधिकारी-कर्मचारीगण पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्यों को सम्पादित करे।

इस अवसर पर लालबाग परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह के समक्ष सौभाग्य योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना संबंधी आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा प्रातः प्रभात फेरी भी निकाली गई।



# श्री गोविंद पटेल की किताब का विमोचन



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में पदस्थ सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री गोविन्द पटेल द्वारा लिखित पुस्तक 'छत्तीसगढ़ में टमाटर की बम्पर पैदावार' का अमेरीका में अंग्रेजी अनुवाद किया गया। न्यू जर्सी यूएसए के अप्रवासी भारतीय डी सुरेश एवं वीणा पद्मनाभन ने किया । श्री गोविन्द पॉवर कंपनी में नियुक्ति के पूर्व समाचार पत्र दैनिक भास्कर और नई दुनिया में नियमित पत्रकार रहे है। इन्हें 2009 के राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ शासन ने चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता अलंकरण से सम्मानित किया। दुर्ग जिले के धमधा गांव के किसान परिवार में पले बढ़े श्री गोविन्द की कृषि क्षेत्र में विशेष अभिरूचि है। वर्ष 2017 में लिखित छत्तीसगढ़ में टमाटर की बम्पर पैदावार के अंग्रेजी संस्करण टोमेटो क्राइसेस का डिजिटल विमोचन न्यूजर्सी (यूएसए) में सेंटर फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर (सीएसए) हैदराबाद के कार्यपालक निदेशक व कृषि वैज्ञानिक डॉ. जीवी रामानुजनयुलु ने यूएसए प्रवास के दौरान किया गया। श्री गोविन्द द्वारा लिखित दूसरी पुस्तक बढ़ती लागत, घटता मुनाफा का विमोचन राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय किसान मेले में हुआ।

# क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में गणतंत्र दिवस

रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री आर.के.अवस्थी ने ध्वजारोहण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों को पॉवर कम्पनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य निष्पादित करने का आव्हान किया। समारोह में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले रायपुर क्षेत्र के कर्मियों सर्वश्री चेतन कुमार साहू, ऋतुराज सिंह, सफर खान, तरूण कुमार जांगड़े, एन.राजू, चिन्ता राम पटेल को पुरस्कृत भी किया.

समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री संदीप वर्मा सहित अन्य अधिकारी सर्वश्री व्ही.के.शर्मा, डी.डी. चौधरी, गौर्वा वर्मा, एच.सी.श्रीवास्तव, विनयशंकर मिश्रा, राजेश सिन्हा, एस.एन.नायडू, एम.एस. एन.मुर्ती, बलराम वर्मा, राजेन्द्र कुमार वर्मा का सराहनीय योगदान रहा. कार्यक्रम में श्री एस.एन. नायडू, कार्यालय सहायक श्रेणी दो ने आभार प्रदर्शन तथा संचालन दीनानाथ वर्मा, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया.



# क्षेत्रीय मुख्यालय बिलासपुर में गणतंत्र दिवस सोल्लास संपन्न

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक बिलासपुर क्षेत्र श्री कैलाश नारनवरे ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। श्री नारनवरे ने अपने उद्बोधन में देश के महान सपूतों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर बिलासपुर क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 अधिकारी एवं कर्मचारियों को कंपनी द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया जिनमें सर्वश्री रामपाल कंवर, रबिन्द्रनाथ राय, रामकृष्ण साहू, तिरिथ राम साहू, नारायण सिंह सिदार, बिसाहू दास मानिकपुरी के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री जी.पी.सोनवानी, श्री ए.के.श्रीवास्तव, श्री पी.के.कश्यप, श्री ए.पी.सिंह, अति.मुख्य चिकित्साधिकारी श्री एस.एल.कोरटिया एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





# जगदलपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम



जगदलपुर क्षेत्र में केन्द्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण संस्थान के तत्वाधान में सी एंड डी श्रेणी के कर्मचारियों हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 16 से 18 जनवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर आपरेटिंग सिस्टम, ट्रबल शूटिंग सिस्टम, एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, इंटरनेट सेफ्टी एवं ईमेल आदि विषयों पर सहायक अभियंता श्रीमती लीलावती टंडन, नेटवर्क इंजीनियर श्री नितीन शर्मा तथा एसोसिएट इंजीनियर श्री सूरज आचार्य द्वारा व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री आर.के.ठाकुर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र, एलईडी बल्ब एवं पेन ड्राईव भी वितरित किये गये।

# एचटीपीपी के विस्तार संयंत्र ने 4003.139 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की हसदेव ताप विद्युत गृह ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए नए रिकार्ड दर्ज करने में सफलता प्राप्त की है। यह पावर कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों का ही मनोबल है जिसकी बदौलत पावर कंपनी विद्युत उत्पादन में अग्रणी बनी हुई है।

बीते कैलेंडर वर्ष में ताप विद्युत गृह की विस्तार संयंत्र 500 मेगावाट के इकाई क्रमांक 5 ने वर्ष 2017 में 91.40 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 4003.139 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया है। यह वर्ष 2016 में 72.95 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 3203.910 मिलियन यूनिट था। यह विद्युत उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 799.229 मिलियन यूनिट अधिक है। यह विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान है।

इकाई क्रमांक 5 में विशिष्ट तेल खपत वर्ष 2017 में 0.220 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट अवर रहा, जो पूर्व में 0.469 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट अवर था। इस प्रकार 824.19 किलोलीटर तेल की खपत कम हुई है। इसी प्रकार विशिष्ट कोल खपत वर्ष 2016 में 0.739 मीट्रिक टन की तुलना में वर्ष 2017 में 0.688 मीट्रिक टन रहा।

210 मेगावाट की इकाई क्रमांक तीन ने 81.24 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1494.477 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है, जो पूर्व उत्पादन के मुकाबले 227.089 मिलियन यूनिट ज्यादा है।

**इकाई क्रमांक 5 ने वर्ष 2017 में 91.40 प्रतिशत पीएलएफ को प्राप्त किया**



वर्ष 2016 में 68.71 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 1267.388 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन हुआ था। वहीं विशिष्ट तेल खपत 0.329 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट अवर रहा, जो कि पूर्व में 0.744 मिलीलीटर प्रति किलोवॉट अवर था।

19 फरवरी 2017 को एक कार्यदिवस में कोल परिवहन का नया कीर्तिमान 32000 मीट्रिक टन रहा है। इसी प्रकार किसी एक माह (फरवरी-2017) में 740200 मीट्रिक टन कोल परिवहन का नया रिकार्ड दर्ज किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2017 में ही सर्वाधिक कोल परिवहन का रिकार्ड बना जिसके अनुसार 71 लाख 13 हजार 800 मीट्रिक टन कोल परिवहन किया गया। जबकि यह 2016 में 71 लाख 9 हजार 200 मीट्रिक टन था। गौरतलब है कि हसदेव ताप विद्युत गृह में कोल परिवहन प्रणाली अत्यधिक पुरानी है। इसके बावजूद भी रिकार्ड कोल परिवहन करना कार्यनिष्पादन का एक अनूठा उठाहरण है। इसके अलावा इकाई क्रमांक 01 से 05 में पूर्व वर्ष की तुलना में इस साल विशिष्ट कोल खपत भी कम रही है।

# दुर्ग में सेवानिवृत्त विद्युत कर्मियों को विदाई



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में सेवानिवृत्त हुए 10 अधिकारियों/कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल एवं प्रमाणपत्र भेंटकर 03 जनवरी को कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत हुये सर्वश्री डी.के.मराठे, एम.पी. चतुर्वेदी, एम.के.गोस्वामी, घनश्याम प्रसाद वर्मा, श्याम जी वस्त्राकर, यशवंत कुमार श्रीवास, हृदय कुमार वर्मा, श्री तुलसी शाह, बाबू लाल वर्मा एवं दूधनाथ पाण्डे के सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, कार्यपालन अभियंता श्री ए.आर. सिंह एवं श्री ए.डी.टंडन तथा वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया ने भी सेवानिवृत्तजनों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस.बघेल एवं श्री डी.के. भारती, सहायक अभियंता श्री आर.के.गोस्वामी एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिजली तिहार से दुर्ग विद्युत क्षेत्र के लगभग ढाई हजार घर हुए रौशन



दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना सहज बिजली हर-घर सौभाग्य योजना के तहत हर गांव, हर घर, सभी मजराटोला एवं बसाहटों तक बिजली पहुंचाने के लिए गांव-गांव में सौभाग्य शिविर का आयोजन 10 जनवरी को किया गया। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र तथा शहरी क्षेत्रों के आर्थिक रुप से कमजोर परिवार, जिनके घरों में विद्युत कनेक्शन नहीं है, उन्हें निःशुल्क विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में सभी नागरिकों को विद्युत कम्पनी के अधिकारियो द्वारा सौभाग्य योजना का लाभ उठाने के लिये प्रोंत्साहित किया गया एवं योजना की विस्तार से जानकारी दी गई।

## ग्राम खिलौरा कला-रौंदा में सौभाग्य योजना शिविर




दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिलोरा कला एवं ग्राम रौंदा में सौभाग्य शिविर का आयोजन 22 जनवरी 2018 को किया गया। इसमें कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन ने बताया कि आयोजित सौभाग्य शिविर ग्राम खिलोराकला में 29 तथा ग्राम रौंदा में 10 आवेदन प्राप्त हुए। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र तथा शहरी क्षेत्रों के आर्थिक रुप से कमजोर परिवार, जिनके घरों में विद्युत कनेक्शन नहीं है, उन्हें निःशुल्क विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता श्री गजपाल, ग्राम रौंदा के ग्राम सचिव एवं सरपंच, श्री गायकवाड़, श्री नरेंद्र साहू, श्री दुश्यंत देशमुख, श्री राकेश दुबे, लाइनमैन श्री नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह पर कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करने के उपरान्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों सर्वश्री टीकाराम साहू, एस.व्ही. पी.राव, रणविजय सिंह, आशीष वर्मा, राम कुमार बंजारे, जय प्रकाश भारती, ललित कुमार साहू एवं लाईनमेन तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु श्री उमाशंकर वर्मा एवं श्री मनोज कुमार मुखर्जी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं रजत मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने भी बधाई दी । कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता द्वय श्री वी.के. गुप्ता एवं श्री एस.आर.बांधे तथा कार्यपालन अभियंता द्वय श्री पी.के.दुबे एवं श्री ए.डी.टंडन, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री संतोष साहू सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के. शर्मा द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों की टीम सात विकेट से विजयी रही।

# एचटीपीपी से मुख्य अभियंता श्री बिश्वास समेत 9 अधिकारी-कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से सेवानिवृत हुए मुख्य अभियंता श्री बी.एन. बिश्वास सहित कार्यपालन अभियंता श्री केके मानिक, अनुभाग अधिकारी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा एवं अन्य कर्मी सर्वश्री बीएल द्विवेदी, हेमूराम धुर्वे, गुलाब सिंह, जनाराम, धुरबीन दास, गनेश राम धीवर को प्रभारी मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एसपी चेलकर, श्री पीके जैन ने स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर उनके सपिरवार सुखमय जीवन की कामना की। सेवानिवृत्ति समारोह में कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता श्री एसएम गोवर्धन, डीएसपीएम के कार्यपालक निदेशक श्री एमएस कंवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री बीपी मोदी, पीजीटीआई के मुख्य अभियंता श्री एसके बंजारा तथा श्रीमती श्रावणी बिश्वास, श्रीमती अंजलि वर्मा समेत संकल्प महिला मंडल के पदाधिकारीगण एवं कोरबा पूर्व की प्रेरणा महिला मंडल की सदस्याएं, विभिन्न वृत्तों के अधीक्षण अभियंता और कोरबा पूर्व के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कर्मचारियों के नियंत्रक अधिकारियों सुबोध दीवान, केसी अग्रवाल, गायत्री



महिलांगे, केके डोंगरे, एसके व्यास और वरिष्ठ रसायनज्ञ देवेश दुबे द्वारा उनकी कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीके दवे एवं कल्याण अधिकारी श्री पीआर खुंटे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# राजनांदगांव में गणतंत्र दिवस समारोह

राजनांदगांव मुख्यालय में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ध्वजारोहण कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि किसी भी देश-प्रदेश में हो रहे विकास का सबसे बड़ा पैमाना बिजली की खपत को माना जाता है। हमारी कंपनीज उपभोक्ता सेवा संस्थान है, अतः उपभोक्ताओं का संतोष ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले के अविद्युतीकृत ग्रामों को जून 2018 तक पूर्ण रूप से विद्युतीकृत करना ही हमारा पहला लक्ष्य है और इस लक्ष्य को पाने के लिए हम सभी को मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाकर पूरी लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करने की जरूरत है, राजनांदगांव जिले में कुल 36436 तथा कवर्धा जिले मे कुल 25919 विद्युत पंप कनेक्शन दिया जा चुका है तथा कुल 1,52,948 बी0पी0एल0 परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। सौभाग्य योजना के तहत राजनांदगांव जिले के 9608 व कवर्धा जिले के 27000 उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदाय किये जाने का लक्ष्य है।



राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले में विद्युत व्यवस्था को जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ ही कंपनी के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्री मोरेश्वर कुमार साहू, श्री मनोज सोनी, श्री चन्द्रकुमार यादव,, श्री संतोष कुमार मोटघरे, श्री सोनसाय साहू, श्री डालूराम देवांगन को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री अविनाश सोनेकर, आर.एन. याहके एवं बी.पी.गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी श्री ए.के.पिल्लई ने किया।

# लाल मैदान पर उत्साह से मना गणतंत्र दिवस




हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री बीएन बिश्वास ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित जनों को शुभकामनाएं देते हुए सुनहरे भविष्य के लिए राष्ट्र के विकास में योगदान दने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विस्तार संयंत्र 500 मेगावाट की इकाई क्रमांक 05 ने कैलेंडर वर्ष 2017 में 91.04 प्रतिशत पीएलएफ. के साथ 4003.139 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया है। वर्ष 2017 में सर्वाधिक कोल परिवहन का रिकार्ड बना जिसके अनुसार 71 लाख 13 हजार 800 मीट्रिक टन कोल परिवहन किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री राजेश वर्मा, पीके जैन, संकल्प महिला की अध्यक्ष श्रीमती बिश्वास, उपाध्यक्ष श्रीमती अंजलि वर्मा, श्रीमती अनिता जैन समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संयोजन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीके दवे द्वारा किया गया। चीफ परेड कमांडर सत्यप्रकाश महिलांगे द्वारा परेड की सलामी दी गई। परेड में कमांडर राजेश कुमार चौधरी और महिला सुरक्षा सैनिक सुनीता चौहान भी शामिल रहीं।

समारोह में प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें सीजी बोर्ड कक्षा 12 वीं में 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले प्रतीक अग्रवाल, सीबीएसई 12 वीं में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली अवनी श्रीवास्तव शामिल हैं। जेईई एडवांस 2017 की परीक्षा में 1144 रैंक प्राप्त कर आईआईटी खड़गपुर में प्रवेश पाने पर अंबुज साहू और 2729 रैंक प्राप्त कर आईआईटी. कानपुर में प्रवेश पाने वाली अवनी श्रीवास्तव को मुख्य अभियंता के हाथों पुरस्कृत किया गया। स्व. पी वाय. रेगे स्मृति मेधावी सम्मान अवनी श्रीवास्तव को और स्व. अमोल वर्मा स्मृति मेधावी सम्मान प्रतीक अग्रवाल को दिया गया।

समारोह में विद्युत परिक्षण सुधार संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री विष्णु प्रसन्न तिवारी को मुख्यालय से प्रदत्त एक हजार रूपए प्रशस्ति पत्र एवं पदक से संयंत्र परिसर में सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य 73 तकनीकी व 13 प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों समेत 3 सुरक्षाकर्मियों व 13 ठेका कामगारों को सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी श्री पीआर खुंटे ने किया। इस अवसर पर लाल मैदान में विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह का संचालन व्याख्याता श्री डीके रायचा ने किया।

# मड़वा तेंदूभाठा ताप विद्युत संयंत्र में गणतंत्र दिवस



मड़वा तेंदूभाठा ताप विद्युत गृह के संयंत्र परिसर में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री पीपी मोडक ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री रविंद्र पाठक समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री मोडक ने कहा कि संयंत्र की दोनों यूनिटों द्वारा 9 जनवरी 2018 को 509-509 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया गया। इसके लिए संयंत्र के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई के पात्र है। 12 जनवरी 2018 को 24.226 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया, जो निर्धारित क्षमता का 101 प्रतिशत है। यह पावर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों के सतत परिश्रम का नतीजा है। श्री मोडक ने अंतरक्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले श्री मुकेश सोनकर, खम्हनलाल पटेल, राकेश बघेल, ऐश्वर्य पाठक को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। समारोह में छह अधिकारियों को मुख्यालय से प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं पदक से संयंत्र परिसर में सम्मानित किया गया। समारोह का संयोजन व संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एसके शर्मा द्वारा किया गया।

## ग्राम कोडका के 8 हितग्राहियों को सौभाग्य कनेक्शन प्रमाण पत्र का वितरण



राजनांदगांव क्षेत्र विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम कोडका में आयोजित सौभाग्य योजना शिविर के तहत 8 हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन प्रमाण पत्र सासंद श्री अभिषेक सिंह द्वारा प्रदान किया गया। उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर रौशन हो यह छत्तीसगढ़ सरकार की पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना लागू हो जाने से अब सुदूर ग्रामीण अंचलो के ग्रामीणजनों को भी आसानी से विद्युत कनेक्शन मिलना आंरभ हो गया है।

राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि राजनांदगांव वृत के अन्तर्गत खैरागढ़ संभाग में सौभाग्य योजना के तहत कुल 373 आवेदनों को पंजीकृत कर 352 कनेक्शन जारी कर दिये गये हैं। इस योजना के तहत बीपीएल एवं सामान्य परिवारों को प्रतिदिन विद्युत कनेक्शन दिये जा रहें हैं। इस अवसर पर सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व संसदीय सचिव श्री कोमल जंघेल एवं खैरागढ जनपद अध्यक्ष श्री विक्रांरत सिंह द्वारा ग्राम के सर्वश्री उमेश वर्मा, गणपत साहू, टेटकूराम साहू, रोहित राम साहू, जोगीराम ,नरेश साहू, श्रीमती रमशीला साहू तथा श्रीमती लता बाई साहू को सौभाग्य कनेक्शन प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री रंजीत घोष, सहायक अभियंता श्री कुंजेश श्रीवास, कनिष्ठ अभियंता सुश्री मनीषा साहू, एवं अन्य जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## राजनांदगांव के मोहारा-रेवाडीह सबस्टेशन में ए.टी.पी. मशीन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मोहारा एवं रेवाडीह के 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन परिसर में ए0टी0पी0मशीन स्थापित की गई है जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बिल के भुगतान की सुविधा प्राप्त होगी। दोनो ए0टी0पी0 मशीन के संचालन से 12 हजार उपभोक्ताओं को बिजली बिल के भुगतान की सुविधा प्राप्त होगा। कार्यपालन अभियंता श्री वी0आर0के0 मुर्ति ने बताया कि मोहारा सबस्टेशन के आस-आस के क्षेत्र जैसे गाम सिंगदई, मोहड़, मोहारा, हल्दी, सिंघोला एवं शहर के नंदई, इंदिरा नगर, बंसतपुर, के उपभोक्तओं को विद्युत देयको के भुगतान की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। रेवाडीह सबस्टेशन मे स्थापित ए0टी0पी0 मशीन के क्रियाशील होने जाने से पेण्ड्री, दीनदयाल आवास, आशानगर, भानपुरी, पी0टी0एस0, रेवाडीह, इंदामरा के उपभोक्तओं को विद्युत देयको के भुगतान की सुविधा का लाभ मिलेगा।

# पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी स्पर्धा में मड़वा प्रोजेक्ट विजेता, कोरबा पशिचम उपविजेता

राजनांदगांव क्षेत्र में 21 से 24 फरवरी 2018 तक आयोजित चार दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में मड़वा प्रोजेक्ट की टीम को विजेता एवं कोरबा पश्चिम की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। अंतर्क्षेत्रीय हॉकी स्पर्धा का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रेरित किया और आपसी तालमेल, भाईचारा की दृष्टि से खेल के महत्व को व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर आदि उपस्थित थे।प्रतियोगिता में रायपुर सेन्ट्रल के अनुभवी खिलाडी श्री आवेदन कुजूर द्वारा खिलाड़ियों को खेलभावना से खेलने हेतु शपथ दिलाई गई।

विजयी प्रतियोगियों को अधीक्षण अभियंता श्री आर0एन0 याहके द्वारा शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव श्री अशोक उमरे, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री वी0आर0के0 मुर्ति, एस.के.गुर्जर, डी0पी0 बरवा, केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री ओ0पी0शर्मा,





अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर श्री तरूण यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयोजन समिति और टीम की ओर से श्री प्रशांत तिवारी एवं श्री कृष्ण कुमार ताम्रकार को सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल सर्वश्री कुशल यादव, तौफीक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, भूषण साव, संतोष चौकेन्दरे, एम0रवि राव, किशोर धीवर, शब्बीर सोलंकी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# उपकेन्द्र खडगांव एवं दिघवाड़ी में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील

राजनांदगांव जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना पर तेजी से कार्य किये जा रहें है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव संभाग के अन्तर्गत खडगांव वितरण में नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. तथा ग्राम दिघवाड़ी 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 1.60 एम.व्ही.ए. का अतरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया जिससे इस क्षेत्र के लगभग 35 गांवो को लो-वोल्टेज एवं लोड शेडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि विद्युतीकृत ग्रामों में समुचित वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति करने नए सबस्टेशनों का निर्माण तथा स्थापित ट्रांसफार्मरों की क्षमता को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे ओवर लोडिंग वाले क्षेत्रों को भी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकें।

उन्होने खडगांव तथा ग्राम दिघवाड़ी उपकेन्द्र में अतरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत करने



के लिए कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एस. कंवर, ए0उमरे, सहायक अभियंता सर्वश्री एन.के. साहू एम.के. साहू, एस.पी.ठाकुर एवं उनकी टीम को बधाई प्रेषित की ।

# अंतरक्षेत्रीय फुटबाल स्पर्धा : रोमांचक मुकाबले में कोरबा पश्चिम ने अंबिकापुर को 1-0 से दी शिकस्त



पावर कंपनी के अन्तरक्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच 09 जनवरी 2018 को अंबिकापुर व कोरबा पश्चिम के बीच खेला गया जिसमें कोरबा को विजेता एवं अंबिकापुर को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। कोरबा पश्चिम टीम ने पीके बघेल की कप्तानी में जीत हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों को डीएसपीएम प्लांट के कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर ने बधाई दी एवं पुरस्कृत किया। इस दौरान मुख्य अभियंताद्वय सर्वश्री एसके बंजारा, एमएस गोवर्धन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने भी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए खेल का महत्व बताया।

प्रतियोगिता में टी.सज्जीजान, जावेद, टप्पू, ग्रीडिंग गेलीयर ,समी उल्लाखान (टप्पू) एवं अमन नागर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। क्रीड़ा समिति के सचिव एसपी बारले ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अभियंता गोवर्धन ने बिजली कंपनी के ऑल इंडिया फुटबाल प्रतियोंगिता के टीम चयन के शिवर के लिए 30 खिलाड़ियों के नाम का ऐलान किया।

खेल सचिव श्री आनंद मोखरीवाले के साथ



विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अभियंता श्री बीएन बिश्वास ने भी बधाई दी और बेहतर खेल प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी । इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पीके. जैन, अधीक्षण अभियंता नरेंद्र शर्मा और कल्याण अधिकारी श्री पीआर खुंटे भी मौजूद थे। प्रतियोगिता के टेक्निकल कमेटी में टी.गांगुली, अनिमेश गांगुली व शंकर नायडू ने सहयोग दिया। अम्बिकापुर के खिलाड़ी सूर्यवर्धन को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेन्ट के रूप में 500 रूपए की नगद राशि से सम्मानित किया।

# दुर्ग क्षेत्र में विद्युतीय योजनाओं की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना एवं आई.पी.डी.एस. योजना सहित विभिन्न विद्युतीय योजनाओं के तहत दुर्ग क्षेत्र में प्रदाय किये जा रहे विद्युत कनेक्शनों के संबंध में अधिकारियों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर द्वारा ली गई। उन्होंने कहा कि सौभाग्य योजना के अंतर्गत दुर्ग रीजन में 12 हजार 475 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 10 हजार 681 आवेदनों पर कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है एवं शेष आवेदनों कनेक्शन प्रदान करने की प्रकिया जारी है। बैठक में नये उपकेंद्र, अतिरिक्त(पॉवर/वितरण) ट्रांसफार्मर, 33/11 के.व्ही. लाईन के क्षमता आवर्धन, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, सौभाग्य योजना के अंतर्गत विद्युतीकरण/जारी किये जा रहे नये कनेक्शनों एवं अन्य कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री हेमंत ठाकुर, सहायक अभियंता श्री पी.के.शर्मा, जोनल इंचार्ज आरईसी श्री दीपक चौरसिया, साइट इंजीनियर आरईसी श्री अमित कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर फेडरर्स एलाएड श्री राजाराम एवं वरिष्ठ अभियंता ए-टू-जेड श्री पवन कुमार उपस्थित हुए।



# क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर विजेता, कोरबा पश्चिम उपविजेता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र को विजेता एवं कोरबा पश्चिम की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। 26 से 31 दिसम्बर तक संपन्न हुये मैच में 10 क्षेत्रीय टीमों ने भागीदारी दी। समापन दिवस पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पीकेखरे को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से अलंकृत किया गया। विजयी खिलाड़ियों को एमडी श्री ओसी कपिला, डायरेक्टर सर्वश्री अजय दुबे, एचआर नरवरे, ईडी श्री एम.एस. चौहान, एनके बिजौरा, मुख्य अभियंता श्री आरके अवस्थी, छ.ग.स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री जी.एस. मूर्ति ने पुरस्कृत किया। मंचासीन अतिथियों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं अन्य खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी।

संपूर्ण स्पर्धा के दौरान बेहतर प्रदर्शन करते हुए गौरव डोंगरे को बेस्ट आल राउन्डर, अविनाश पाठक को बेस्ट बेट्समेन, बेस्ट बाउलर श्री अविनाश ठाकुर एवं फाइनल मैच में मैन आफ दि मैच का पुरस्कार श्री ओंकार वर्मा को दिया गया। समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन कार्यपालक निदेशक श्री आरके बंछौर ने किया। समूचे मैच का आंखों देखा हाल श्री अरूण देवांगन ने प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका सर्वश्री मनोज तिवारी, नितिन केथवार, अफाज कुरैशी, जयेश शुक्ला, टीकाराम साहू, जिगर बावरिया ने बखूबी निर्वहन किया। स्कोरर के कार्य को महेन्द्र साहू, राजरंजन, तथा आनलाइन स्कोरर का कार्य अविनाश एवं प्राजंल ने निर्वहन किया।





# एचटीपीपी में विदाई समारोह

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से सेवानिवृत हुये 11 अधिकारियों-कर्मचारियों की विदाई समारोह में प्रभारी मुख्य अभियंता राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर ने उन्हें स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया। साथ ही उनके परिवारजनों के स्वस्थ व सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्तजनों में सर्वश्री रतन लाल देवांगन, किशुन लाल सूर्यवंशी, बसंत कुमार श्रीवास्तव, कोर्नेलियुस तिग्गा, सीताराम विश्वकर्मा, तिलक सिंह मैत्री, अंतराम राठौर, मिलीतुस कुजूर, एमजेड रहमान, द्वारिका प्रसाद बरेठ एवं श्रीमति फिरतीन बाई शामिल थे।



इस अवसर पर श्री रहमान और राष्टीय स्तर के पॉवर लिफटर श्री श्रीवास्तव ने सेवाकाल के कार्य अनुभव को साझा करते हुए भावपूर्ण गीतों के साथ सहकर्मियों को धन्यवाद दिया। कल्याण अधिकारी पीके दवे ने आभार प्रदर्शन एवं कल्याण अधिकारी पीआर खुंटे ने संचालन किया।

## रायपुर क्षेत्र में मतदाता दिवस

पॉवर कम्पनी के क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय के अनुरूप 25 जनवरी 2018 को मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त कार्यालयों के अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रातः 11.00 बजे मुख्य अभियंता (रायपुर क्षेत्र) श्री आर.के. अवस्थी द्वारा मतदान करने, शपथ दिलाया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# निदेशक वितरण श्री एच.आर. नरवरे ने सौभाग्य योजना के अन्तर्गत प्रदाय किए जा रहे विद्युत कनेक्शन का लिया जायजा



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के निदेशक (वितरण) श्री एच.आर. नरवरे ने सौभाग्य योजना के तहत कवर्धा जिले मे प्रदाय किये जा रहे विद्युत कनेक्शन के संबंध में 12 जनवरी को समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना "सौभाग्य" एवं पं. दीनदयाल ग्राम ज्योति विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत शतप्रतिशत विद्युतीकरण के निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र हासिल करें। उन्होने आगे कहा कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए विफल ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए त्वरित कार्यवाही हो, उन पर सतत् निगरानी रखी जाए एवं निश्चित समयावधि में बदल दिया जाए। इसी क्रम में उन्होंने सौभाग्य योजना के अन्तर्गत कार्य करने वाली एजेन्सियों की भी बैठक ली तथा कार्य की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष जोर दिया। पं. दीनदयाल ग्राम ज्योति विद्युतीकरण योजना एवं "सौभाग्य"" योजना अन्तर्गत प्रदाय किए जा रहे विद्युत कनेक्शन का जायजा भी श्री नरवरे ने लिया। उन्होने बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बरपेटोला, समनापुर व रेंगाखार का दौरा कर ग्रामीण विद्युतीकरण एवं घरों को विद्युतीकृत करने के लिए किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। बैठक में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि सौभाग्य योजना के तहत कवर्धा जिले के 27000 उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदाय किये जाने का लक्ष्य है। कवर्धा एवं पंडरिया संभाग में कुल 2332 आवेदनो को पंजीकृत किया गया है जिसमें से 903 विद्युत कनेक्शन जारी दिये गये है शेष पंजीकृत आवेदनों पर शीघ्र ही कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगें। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम ,अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके ,कार्यपालन अभियंता,परियोजना श्री ए. उमरे, श्री वी.के. महालया सहित दीनदयाल ग्राम ज्योति विद्युतीकरण योजना एवं आर.ई.सी. के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य हेतु कनिष्ठ अभियंता बी.पी. साहू हुए सम्मानित



राजनांदगांव क्षेत्र के अन्तर्गत पदस्थ कनिष्ठ अभियंता श्री भुनेश्वर प्रसाद साहू को जिला स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी राजनांदगांव क्षेत्र के अन्तर्गत मानपुर वितरण केन्द्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता श्री भुनेश्वर प्रसाद साहू को वनांचल क्षेत्रों में पं0 दीनदयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, मुख्यमंत्री मजरा टोला विद्युतीकरण योजना एवं प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना "सौभाग्य" के बेहतर क्रियान्वयन एवं अत्यंत विषम परिस्थितियों में सतत् विद्युत व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के गरिमामय समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री माननीया श्रीमती रमशीला साहू तथा सांसद माननीय श्री अभिषेक सिंह के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया।

## लान टेनिस में कोरबा पश्चिम के साव जीते



अंतरक्षेत्रीय पावर कंपनी लान टेनिस प्रतियोगिता हसदेव ताप विद्युत गृह में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री बीएन बिश्वास और विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा द्वारा एक सौजन्य मैच खेलकर खेल का शुभारंभ किया गया। लान टेनिस प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अभियंता श्री बीएन बिश्वास के हाथों पुरस्कार दिया गया। अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री राजेश वर्मा, पीके जैन और क्रीड़ा सचिव आनंद मोखरीवाले, कल्याण अधिकारी श्री पीआर खुंटे उपस्थित रहे। स्पर्धा में छह टीमों ने हिस्सा लिया। टीम इवेंट्स में रायपुर रीजन विजयी हुआ और कोरबा पश्चिम उपविजेता बना। ओपन सिंगल टूर्नामेंट में कोरबा पश्चिम के बीके. साव ने रायपुर के आरके. बंछोर को हराया। लान टेनिस में आरके शास्त्री, हर्षल विश्वकर्मा, आरएन शर्मा, एसके कोरम, बीके विश्वकर्मा, एसके शर्मा, एहतेशाम उल हक, पीके मित्रा, एसके सोनपुरे ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका श्री मलेवार ने निभाई।

# अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा (पश्चिम) विजेता- रायपुर क्षेत्र उपविजेता






तिफरा बिलासपुर में 17 से 19 जनवरी तक आयोजित अतंरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम को विजेता एवं रायपुर क्षेत्र को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। इसमें बेस्ट प्लेयर का खिताब कोरबा (पश्चिम) के अनुज प्रताप सिंह को दिया गया, बेस्ट रेडर एवं कैचर के लिए राम भरोसे मन्नेवार को चुना गया । इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिनमें अनुज प्रताप कोरबा (पश्चिम), मनरूप कंवर कोरबा (पश्चिम), ईश्वर कंवर कोरबा (पश्चिम), माखन लाल कष्यप कोरबा (पश्चिम), विधाता प्रसाद पटेल रायपुर, राकेश कुमार बघेल मडवा, खोमलाल पटेल मडवा विजय कुमार बंछोर रायपुर, रामभरोसे मन्नेवार रायपुर, महेन्द्र साहू रायपुर, गोपाल प्रसाद सोनवानी रायपुर, डोरी लाल यादव बिलासपुर क्षेत्र का नाम ,शामिल है।

इस स्पर्धा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिलासपुर क्षेत्र श्री कैलाश नारनवरे ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.श्रीवास्तव, अति.मुख्य चिकित्साधिकारी श्री एस.एल.कोरटिया, कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी, श्री एच. के. मंगेशकर, श्री सतीश कुमार दुबे, श्री आर के अग्रवाल एवं इस खेल के आर्ब्जवर श्री दिलहरण वर्मा, मैच रैफरी श्री ओंकार जायसवाल श्री राजेन्द्र जगत तथा श्री नरेष पाण्डेय एवं बडी संख्या में विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

रायपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री आर.के. अवस्थी ने विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि पॉवर कम्पनी उपभोक्ताओं के साथ साथ अपने कर्मियों के हितों के सवंर्धन में सतत् प्रयासरत् रहती है. अतः हमारे कर्मी भी हरेक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने सतत् प्रयासरत रहें।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में विदाई समारोह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत हुए श्री आर.पी.साहू, वरिष्ठ मानचित्रकार को सेवानिवृति एवं कार्यपालन अभियंता श्री एम.के.राय, सहायक अभियंता श्री स्वप्निल अग्रवाल एवं श्रीमती कंचन हिशीकर को स्थानांतरण उपरान्त ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह में प्रबंध निदेशक श्रीमति तृप्ति सिन्हा सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने विदा लेतु अधिकारियों कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना की । श्री के.एस.बनाफर द्वारा श्री साहू के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया एवं कार्यक्रम का संचालन श्री डी.के.बिसेन द्वारा किया गया।

# कवर्धा में सतत् विद्युत व्यवस्था रखने अधिकारियों-लाइनकर्मियों की बैठक

कवर्धा वृत कार्यालय में 12 जनवरी को राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने मैदानी अधिकारियों एवं लाइनकर्मियों की बैठक ली। उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने, निम्नदाब लाईनों के उपकरणों की खराबी को तत्काल दुरूस्त करने सहित मेंटेंनेस टीम को अलर्ट रहाने के साथ ही निर्देश प्रसारित किये । विद्युत व्यवस्था की शिकायत के मद्देनजर आकस्मिक निरीक्षण की बात भी कही । आगे श्री पटेल ने सभी सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं एवं लाईन कर्मचारियों से सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग, सर्विस कनेक्शन एवं विद्यमान लाइनों के लाईन निरीक्षण एवं रखरखाव सहित कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों पर त्वारित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के संकेत भी उनके द्वारा दिये गये हैं। बैठक में अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके ,कार्यपालन अभियंता श्री वी.के. महालया, श्री सी.पी. गढेवाल ,सहायक अभियंता सर्वश्री के.के. झा,, आकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार कंवर ,अश्वनी कुमार टण्डन, मनीष साहू के.एस. ठाकुर ,कनिष्ठ अभियंता सर्वश्री रवि ध्रुव, पी.एस. मरगीय, गणेश चन्द्रवंशी, अशीष कुमार सोनी, रामगोपाल साहू, लखन सिंह ठाकुर, एम. के. राय, श्रीमति माया भारती, सुश्री पूनम चन्द्राकर सहित कवर्धा संभाग के सभी लाईन कर्मचारी शामिल हुए।

# बेमेतरा में सौभाग्य शिविर

शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सहज बिजली हर-घर ''सौभाग्य'' योजना के तहत बेमेतरा जिले के ग्राम देवसरा, कुरलू, भांठासोरली, सिलघट, केषतरा, उफरा एवं पथरपुंजी में सौभाग्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त ग्रामों में आयोजित सौभाग्य शिविर के तहत कुल 180 आवेदन पंजीकृत किए गए। जिनमें ग्राम देवसरा में 17, कुरलू में 60, भांठासोरही में 13, सिलघट में 30, केशतरा में 14, उफरा में 15 एवं पथरपुजी



में 31 आवेदन प्राप्त हुए। इन ग्रामों में यथाशीघ्र कनेक्शन प्रदाय करने की कार्यवाही की जा रही है।

# नि :शुल्क विद्युत कनेक्शन प्रदाय हेतु सौभाग्य योजना शिविर

प्रधानमंत्री सहज बिजली हर-घर योजना 'सौभाग्य' के तहत कर्मचारी नगर उपकेंद्र दुर्ग में आई.एच.एस.डी.पी. कॉलोनी जवाहर नगर 02 जनवरी को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में महापौर नगर निगम दुर्ग श्रीमती चन्द्रिका चन्द्राकर एवं विशेष अतिथि के रुप में वार्ड पार्षद श्री दिनेश देवांगन, श्रीमती अल्का बाघमारे, श्री देवनारायण चन्द्राकर, श्री शिवेन्द्र परिहार, श्रीमती शशि रायजादा एवं एम.आई.सी अध्यक्ष श्री सोहन जैन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 55 हितग्राहियों को जो कि आर्थिक एवं सामाजिक जनगणना 2011 की सूची में सम्मिलित थे, उन्हें सौभाग्य योजना के अंतर्गत निःषुल्क नये विद्युत कनेक्शन प्रदान किये गये तथा प्रमाण पत्र आबंटित किए गए। शिविर में मुख्यमंत्री एलईडी बल्ब वितरण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को तीन नग निःशुल्क एल.ई.डी बल्ब का वितरण माननीय महापौर द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर इसके अलावा



विद्युत कंपनी के अधिकारीगण अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर.बांधे एवं श्री एच.के.मेश्राम, कार्यपालन अभियंता श्री ए.आर.सिंह, श्री बी.के.बोरीकर एवं श्री ए.के.बिजौरा, सहायक अभियंता श्री के.सुरेश कुमार एवं कु.गीता ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता श्री राजेन्द्र गिरी, श्री ढिलेन्द्र देशमुख, श्रीमती अंजु देसाई एवं कु.अल्का जोशी सहित विद्युत विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित हुए। शिविर में कार्यपालन अभियंता नगर संभाग दुर्ग श्री बी.के.बोरीकर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## हमारे गौरव

### पॉवर कम्पनीज परिवार की भूमिका रानी सिन्हा को पी.एच.डी. की उपाधि



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में कार्यरत श्री तेजप्रताप सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती भूमिका रानी सिन्हा को पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। इन्हें यह उपाधि हिन्दी साहित्य के अंतर्गत 'द्वारिका प्रसाद तिवारी 'विप्र' का रचना संसारः एक अनुशीलन' विषय पर दी गई है। श्रीमती सिन्हा ने अपना शोध कार्य डॉ0 आर.के. पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, शायकीय महाविद्यालय कुरूद के निदर्शन एवं डॉ0 श्रीमती आभा तिवारी, प्राचार्या, शासकीय महाविद्यालय राजिम के सह निर्देशन में पूर्ण किया। श्रीमती सिन्हा वर्तमान में नया रायपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तर्रा के शासकीय प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत है। इन्हें वर्ष 2008 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से हिन्दी साहित्य में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए तीन स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। बधाई...

### कोरबा की डॉ. माधवी बनीं होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्यस्तर पर रिक्त होम्योपैथी मेडकल ऑफिसर के 57 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की। जिसमें कोरबा से एकमात्र डॉ. माधवी कुशवाहा चयनित हुई। रायपुर के महाराणा प्रताप होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज से पास आऊट डॉ. मधवी कटघोरा उपजेल के जेलर मुकेश कुशवाहा की पत्नी व रायपुर में पदस्थ बिजली विभाग की ई.ई. सी.पी. कुशवाहा की पुत्री है। बधाई...



## पुरेश संग रूचिता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता कार्यालय रायपुर क्षेत्र में कार्यरत कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा के सुपुत्र चि.पुरेश नाथ वर्मा का शुभ विवाह दरबार मोखली निवासी श्री रोहित कुमार बन्छोर की सुपुत्री सौ.कां.रूचिता के साथ 04 फरवरी 2018 को सानन्द सम्पन्न हुआ. बधाई...



## सजल संग पामीर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, राजनांदगांव में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर के सुपुत्री सौ.कां. सजल का शुभ विवाह चि. पामीर सुपुत्र श्री प्रदीप रंजन के साथ दिनांक 18 फरवरी 2018 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ.। बधाई...

## सिद्धार्थ संग अंजली

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) कार्यालय में कार्यरत श्री रवि शर्मा, अनुभाग अधिकारी के सुपुत्र चि. सिद्धार्थ का शुभ विवाह सौ. कां. अंजली सुपुत्री श्री भोलाशंकर अग्रवाल भाटापारा निवासी के साथ दिनांक 6 दिसम्बर 2017 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ.। बधाई...

# कुर्यात् सदा मंगलम







## अरूण संग योगिता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) कार्यालय में पदस्थ श्री पंचम लाल साहू, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो के सुपुत्र चि. अरूण का शुभ विवाह सौ. कां. योगिता सुपुत्री श्री लालजी साहू भिलाई स्मृति नगर निवासी के साथ दिनांक 29 नवम्बर 2017 को कुम्हारी जिला दुर्ग में सानंद संपन्न हुआ.। बधाई...

## प्रियंका संग सुरोजित

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में अधीक्षण अभियंता (मा.स.वि. ) के कार्यालय में कार्यरत श्री वीके. मजूमदार कार्यालय सहायक श्रेणी एक की सुपुत्री सौ. कां. प्रियंका का शुभ विवाह बैतूल (मध्यप्रदेश) निवासी चि. सुरोजित सुपुत्र स्व. शारदा सेन के साथ दिनांक 04 फरवरी 2018 को कोरबा में सानंद संपन्न हुआ.। बधाई...

## दामिनी संग सुरेश

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चैयरमेन कार्यालय रायपुर में पदस्थ एक्जीकेटिव असिस्टेंट टू चैयरमेन श्री ए.के.पाण्डेय की सुपुत्री सौ. कां. दामिनी का शुभ विवाह हैदराबाद निवासी श्री एस.बाला नरसिम्हा के सुपुत्र चि. सुरेश के साथ दिनांक 4 दिसम्बर 2017 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ.। बधाई...





मयंक ऑफसेट प्रिंटर्स, कंकालीपारा, रायपुर ▪ 98271-76089, 97527-11101

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी मर्या. डंगनिया, रायपुर**
फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702,
website : www.cseb.gov.in

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक. मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है। - मुद्रक